>

Title: Need to look into the Sixth Pay Commission's recommendation to do away with the ITS Cadre in Telecom Industry.

**श्री संतोष गंगवार (बरेली):** अध्यक्ष महोदय, सिक्स्थ पे कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद जो रोष आ रहा है, समस्याएं आ रही हैं, उससे कर्मचारियों और अधिकारियों का बहुत बड़ा तबका प्रभावित हो रहा है। इस बारे में बहुत से सांसद आपके माध्यम से सरकार को बता भी रहे हैं। टेलीकॉम सर्विस में आईटीएस कैडर की समस्याओं को मैं आपके माध्यम द्वारा सरकार के संज्ञान में लाना चाहूंगा क्योंकि बहुत बड़ी एनोमली हो रही है। सिक्स्थ पे कमीशन की रिकमेंडेशन के पैरा 7.64 में कहा गया है कि--

> ""No need, therefore, exists for retaining a separate Telecom Commission in this Department. The Government should review the necessity of persisting with this Commission." "

इसमें आगे लिखा है कि--

> "The Government should discontinue the service. All the existing officers of the service should either be absorbed in BSNL, MTNL, or else, sent to the surplus pool.""

इस आईटीएस के 'ए' क्लास सर्विस को सरप्लस पूल में भेजने के लिए रिकमेंडेशन की गयी है। मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि किस बेसिस पर रिकमंड किया गया कि इसको सरप्लस पूल में भेज दिया जाये? जबकि आईटीएस आफिसर्स बहुत ही महत्वपूर्ण पोस्ट होल्ड करते हैं जिसमें विजिलेंस, टेलीकॉम मॉनीटरिंग और अदर पालिसी मेकिंग इश्यूज भी गवर्नमैंट के साथ हैं। इन सबके बाद इस आईटीएस सर्विस को इस रूप में भेज देना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा लगता है कि सरकार ने अगर गंभीरता से सिक्स्थ पे कमीशन की रिपोर्ट का अध्ययन नहीं किया, तो बहुत बड़ी संख्या में ऐसे आफिसर्स हमसे अलग हो जायेंगे जिनकी बहुत महत्वपूर्ण सेवाएं हमें मिलती हैं। मैं आपके माध्यम से और अधिक न बोलते हुए, क्योंकि यह विषय ऐसा है जिस पर धीरे-धीरे ऐजीटेशन और रोष आईटीएस क्लास वन सर्विस के आफिसर्स कर रहे हैं जबकि जिम्मेदारी के पद, जिसमें बहुत ज्यादा ऐसे पद हैं जिन पर सारा विभाग टिका हुआ है। यदि इन्हें प्राइवेट सैक्टर में भेजा जायेगा, तो वह ठीक नहीं होगा क्योंकि यह बहुत ही सिक्योरिटी वाली पोस्ट्स हैं और सारी मॉनीटरिंग इनके द्वारा ही की जाती हैं। मैं आपके माध्यम द्वारा मंत्री जी को कहना चाहूंगा कि इस रिकमेंडेशन को टोटली रिमूव किया जाये। अगर वास्तव में आईटीएस आफिसर्स को ऑब्जर्व करने की बात है, तो डीओटी, बीटीएम, टेलीकॉम सैक्टर में या राज्य सरकारों में जहां कहीं इसकी आवश्यकता है वहां इसे दिया जाये क्योंकि यह सैक्टर बहुत बड़ी ग्रोथ में जा रहा है। अगर उस ग्रोथ में इन अधिकारियों की सेवाएं न ली जायेंगी, तो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** आप बैठिये। हम हर ऑनरेबल मैम्बर को बोलने का मौका देने की कोशिश करेंगे।

â€¦(व्यवधान)

**श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) :** अध्यक्ष महोदय, पूरा जिला जल गया है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** ठीक है। इनका भी बहुत अहम मुद्दा है।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I am trying to give time to everyone. If you cooperate, then I will try to give everybody a chance. So, please cooperate.